## महत्वपूर्ण एवं खास

### मांदागिरी के जंगल मे पुलिस और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़

**धमतरी-रायपुर (आरएनएस)।** धमतरी जिले में चलाए जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत आज दिनांक 03-03-25 को धमतरी जिले के थाना खल्लारी के ग्राम मांदागिरी के जंगल में प्रतिबंधित माओवादी की उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी. की 25-30 की संख्या में टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी। सर्च अभियान के दौरान मांदागिरी के जंगल पहाडियों में पुलिस एवं माओवादियों के बीच में आधे घंटे तक मुठभेड़ हुई जिसमें प्रतिबंधित सशस्त्र माओवादियों द्वारा स्वचालित हथियारों से पुलिस पार्टी पर फायरिंग किया गया, जिसके जवाब में पुलिस पार्टी डीआरजी टीम द्वारा भी पेड़ों की आड़ लेकर आत्मसुरक्षार्थ नक्सलियों पर फायरिंग की गई। रुक-रुक कर लगभग आधा घंटे तक पुलिस पार्टी पर फायरिंग किया गया जिसमें लगभग दो से तीन नक्सली को गोली लगने की संभावना है। मुठभेड़ पश्चात् घटना स्थल की पुलिस पार्टी डीआरजी द्वारा बारीकी से सघन सर्चिंग की जा रही है।

### सौतेला पिता ने नाबालिग बेटी के साथ किया दुष्कर्म

**रायगढ़ (आरएनएस)।** जिले खरसीया चौकी क्षेत्र में एक सौतेले पिता द्वारा अपनी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी घटना के बाद से फरार है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार 15 वर्षीय नाबालिग के साथ सौतेले पिता ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि पीडिता की मां अपने मायके गांव गई थी, पीडित बालिका घर में सौतेला पिता के साथ अकेली थी। तभी मौका पाकर सौतेला पिता ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया और फ रार हो गया। मां के वापस आने पर पीडिमत नाबालिग ने मामले की जानकारी अपनी मां को दी और फिर दोनों ने खरसिया चौकी पहुंचकर इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध कायम कर उसकी पतासाजी शुरू कर दी है।

### शादी का झांसा देकर महिला स्टेशन मास्टर से दुष्कर्म

**बिलासपुर (आरएनएस)।** शादी का झांसा देकर महिला स्टेशन मास्टर से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीडिता ने नागपुर रेल मंडल में कार्यरत स्टेशन मास्टर अनमोल घनश्याम वाकोडिकर के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। तारबाहर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है। बता दें कि पीड़िता महिला स्टेशन मास्टर रायगढ़ क्षेत्र की रहने वाली है। आरोपी अनमोल घनश्याम वाकोडिकर नागपुर रेल मंडल में स्टेशन मास्टर के पद पर पदस्थ है। कार्य के दौरान दोनों की मुलाकात हुई और जान-पहचान बढऩे के बाद दोनों की दोस्ती प्रेम में बदल गई। इस बीच अनमोल ने मुलाकात करने के लिए पीडिता को बिलासपुर बुलाया, जहां सीएमडी चौक स्थित एक होटल में दोनों की मुलाकात हुई। इस दौरान आरोपी अनमोल ने शादी करने का झांसा देकर पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। पीडिता ने आरोपी से शादी करने के लिए कहा, तो उसने इंकार कर दिया। जिसके बाद महिला तारबाहर थाने पहुंची और रिपोर्ट दर्ज करवाई। तारबाहर पुलिस अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### दो टीई के साथ 5 एसआई के प्रभार में फेरबदल

**रायपुर (आरएनएस)।** पुलिस अधीक्षक सरगुजा ने जिले में पदस्थ दो निरीक्षकों के साथ ही पांच सहायक निरीक्षक, एक सहायक उप निरीक्षकों के प्रभार में फेरबदल किया गया है। निरीक्षक अश्वनी सिंह थाना लखनपुर को प्रभारी यातायात शाखा अंबिकापुर, निरीक्षक मनोज प्रजापति प्रभारी पुलिस कंट्रोल रूम अंबिकापुर के थाना प्रभारी लुण्ड्रा तथा उपनिरीक्षक शिशिरकांत सिंह लुण्ड्रा से अंबिकापुर, विजय कैवत्र्य प्रभारी यातायात शखा को थाना अंबिकापुर, चंद्रप्रताप तिवारी प्रभारी सायबल सेल को थाना प्रभारी बतौली, प्रेमसागर खुटियां थाना लखनपुर को लाइन अंबिकापुर, दीलिप दुबे अंबिकापुर को थाना लखनपुर तथा सहायक उप निरीक्षक अरुण दुबे को थाना अंबिकापुर से लाइन अंबिकापुर स्थानांरित किया गया है।

### घर-घर नाच रहा मोर

**कोंडागांव (आरएनएस)।** कोंडागांव के नहरपारा वार्ड में एक मोर के रोजाना घर-घर जाकर नृत्य करने का अद्भुत मामला सामने आया है वही स्थानीय लोगों की माने तो उक्त मोर पास के गुरुकुल का है। साथ ही बताया गया कि वह घरों के दरवाजे पर जाकर अपने पंख फैलाता है और नृत्य करता है शुरुआत में लोग उसके पास नहीं जाते थे और मोर भी डर जाता था पर अब लोग उसे चावल खिलाते हैं इसके साथ ही वह आसपास के घरों में पाली जा रही मुर्गियों के साथ भी खेलता है। कभी किसी के दरवाजे पर तो कभी घरों की छतों पर बैठा नजर आता है वही दूसरी तरफ शहर के बीच में लोग रोज सुबह-शाम इस खूबसूरत नजारे का आनंद ले रहे हैं और मोर की इस अद्भुत सुंदरता को देखने के लिए लोग खास तौर पर यहां आते हैं।

# बजट से छत्तीसगढ़ के विकास को मिलेगी तीव्र गति - मुख्यमंत्री

**रायपुर। आरएनएस**



मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने सूत्रवाक्य रखा, ज्ञान से गति की ओर, पिछले बजट में गरीब, युवा, अन्नदाता और महिलाओं के लिए फोकस रखा था, अब इन्हें आगे बढ़ाने गति अर्थात सुशासन, बुनियादी ढांचे में तेजी, तकनीक और औद्योगिक विकास पर होगा जोर। अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष पर अटल निर्माण वर्ष के अनुरूप पूंजीगत व्यय पर 26 हजार करोड़ रुपए से अधिक का हमने रखा बजट, नदियों को जोडऩा उनका था सपना, इसे करेंगे साकार। युवाओं के लिए उद्यम और रोजगार के नए अवसर खोलने वाला बजट, हाइटेक खेती की जरूरतों को पूरा करने रखा गया पूरा ध्यान। यह बजट वर्तमान की जरूरतों को पूरा करते हुए भविष्य में विकसित छत्तीसगढ़ की अधोसंरचना जरूरतों के अनुरूप तैयार किया गया है। इस बजट से छत्तीसगढ़ के विकास को तीव्र गति मिलेगी। इसमें धान के कटोरे की चमक ''कृषि अर्थव्यवस्था'' को संवारने के उपायों के साथ ही इंडस्ट्रियल हब और आईटी हब के रूप में छत्तीसगढ़ को तैयार करने की ठोस नींव रखी गई है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज विधानसभा में अपनी सरकार के दूसरे साल के प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उपरोक्त बातें कही।

श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हमने छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए बहुत जरूरी है कि हम आधुनिक समय के मुताबिक अपनी अर्थव्यवस्था को तैयार करें, बजट में पूरा फोकस इसी पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें प्रदेश में बदहाल राजकोष और कुशासन की विरासत मिली थी। हमने राजकोषीय सुधारों के साथ प्रशासनिक प्रणालियों में सुधार करते हुए बजट के संतुलित उपयोग से प्रदेश में जनकल्याण के कार्य पुन: आरंभ कराए। अब छत्तीसगढ़ में विकास ट्रैक पर आ गया है और ट्रिपल इंजन की सरकार इसे तेजी से गति दे रही है। बजट प्रावधानों से यह गति और बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पिछले बजट में विकसित भारत की संकल्पना के अनुरूप समावेशी विकास की राह तैयार हुई और हमारा फोकस ज्ञान अर्थात गरीब, युवा, अन्नदाता और नारीशक्ति पर था। इनके लिए हमने जिस तरह से नवाचारी योजनाएं लागू कीं, उसके प्रभावी नतीजे मिले। इस बार बजट का थीम है ''ज्ञान के लिए गति'' यह हमारी ट्रिपल इंजन सरकार के लक्ष्यों के अनुरूप है। उन्होंने बताया कि गति से हमारा तात्पर्य सुशासन, बुनियादी ढांचे में तेजी लाना, तकनीक का अधिकाधिक प्रयोग और औद्योगिक विकास में तीव्र वृद्धि करना है। हम इन सभी मानदंडों को पूरा करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के समग्र विकास के लिए हमने बड़े सपने देखे हैं और उन्हें पूरा करने की रणनीति भी तैयार कर ली है। इन्हें पूरा करने के लिए हमारी ट्रिपल इंजन की सरकार पूरी रफ्तार से काम करेगी।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी का स्मरण भी किया। उन्होंने कहा कि उनके जन्म शताब्दी वर्ष को हम अटल निर्माण वर्ष के रूप में मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि अटल जी छत्तीसगढ़ को विकसित राज्यों की श्रेणी में देखना चाहते थे, उनके सपनों को पूरा करने की ठोस नींव हमने रख दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में ऐसी अधोसंरचना की जरूरत होगी जो एक विकसित औद्योगिक राज्य की जरूरतों को पूरी करती हो। इसके लिए हमने बजट में विशेष प्रावधान किये हैं। रायपुर-दुर्ग मेट्रो सेवा का सर्वे होगा। नये औद्योगिक पार्क स्थापित कर रहे हैं। इसके लिए 700 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। महानदी- इंद्रावती तथा कोडार-सिकासर जैसी नदियों को जोड़ेंगे, खेती में निवेश करेंगे। नई सिंचाई परियोजनाओं के लिए 1500 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने बजट में मानव संसाधन को सहेजने के लिए नये अस्पतालों, आधुनिक स्कूलों और इनमें पर्याप्त स्टाफ के संबंध में व्यवस्था की है। राज्य की नई औद्योगिक नीति की जरूरतों को पूरा करने 12 नए इंजीनियरिंग कालेज और 12 पालिटेक्निक कालेज आरंभ करेंगे। नये बिजनेस और स्टार्टअप के लिए 700 करोड़ रुपए का इंडस्ट्रियल सब्सिडी सपोर्ट रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार पूंजीगत व्यय 26 हजार करोड़ रुपए से अधिक रखा गया है जो पिछले वर्ष की तुलना में 18 प्रतिशत है। पूंजीगत व्यय में किये गये निवेश का कई गुना रिटर्न मिलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट समावेशी है और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के हमारे ध्येय के मुताबिक तैयार किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के आदर्शो के अनुरूप हमने अंत्योदय के कल्याण के लिए तथा इनके समग्र विकास के लिए विशेष बजट प्रावधान रखा है। पिछले बजट में गरीब युवा, अन्नदाता तथा नारी शक्ति एवं जनजातीय विकास के लिए जो योजनाएं आरंभ की गई थी, उनके लिए बजट प्रावधान के साथ ही इनके विकास के लिए नई योजनाएं भी इस बजट में आरंभ की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बजट के साथ हमारा प्रदेश नये संकल्पों के साथ अपने सपनों को पूरा करने एक नई उड़ान भरेगा।

## चार म्यूल अकाउंट होल्डर गिरफ्तार, 50 लाख से अधिक के ट्रांजेक्शन के मिले सबूत

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही। आरएनएस**



सायबर सेल और पेंड्रा-गौरेला थाना की संयुक्त टीम ने सायबर ठगी मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए चार म्यूल अकाउंट होल्डर को गिरफ्तार किया है. कमीशन की लालच में ये आरोपी साइबर ठगों को बैंक खाते, एटीएम कार्ड और चेकबुक देते थे. आरोपियों के खाते में कई राज्यों में हुई साइबर ठगी से जुड़ी लगभग 50 लाख रुपये की ट्रांजेक्शन के साक्ष्य मिले हैं. पुलिस की जांच में कई बड़े खुलासे हुए हैं.

आई 4सी के राष्ट्रीय पोर्टल समन्वय से जीपीएम पुलिस को सायबर ठगी में उपयोग होने वाले खातों की जानकारी मिली. बिलासपुर रेंज आईजी डॉ. संजीव शुक्ला के मार्गदर्शन और एसपी भावना गुप्ता के निर्देशन में साइबर सेल और थाना पेंड्रा-गौरेला की संयुक्त टीम गठित की गई. पुलिस की टीम ने इन संदिग्ध बैंक खातों की जांच की और आरोपियों की लोकेशन ट्रेस कर गिरफ्तारी की. म्यूल अकाउंट मामले में पुलिस की जांच में कई हैरान कर देने वाले खुलासे हुए हैं. पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपियों के अन्य राज्यों में सक्रिय साइबर अपराधियों से संबंध थे और ये गिरोह विदेशी नागरिकों के साथ बिटकॉइन के माध्यम से संदिग्ध वित्तीय लेन-देन में भी शामिल थे. इन आरोपियों के खातों में कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में हुई साइबर ठगी से जुड़ी लगभग 50 लाख रुपये की ट्रांजेक्शन के साक्ष्य मिले हैं. इसके अलावा, आरोपियों ने क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी कमीशन का लालच देकर दो दर्जन से अधिक बैंक खाते ठग गिरोहों तक पहुंचाए. पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि इन आरोपियों के कुछ विदेशी नागरिकों के साथ भी संबंध थे और ये अवैध रूप से बिटकॉइन के माध्यम से लेन-देन कर रहे थे. इनके असम और गोवा में सक्रिय बड़े मनी म्यूल नेटवर्क से जुड़े होने के प्रमाण भी मिले हैं. आरोपियों के मोबाइल फोन और अन्य डिजिटल उपकरण जब्त कर लिए गए हैं, जिनकी तकनीकी जांच की जा रही है. आने वाले समय में एक बड़े साइबर ठगी नेटवर्क का खुलासा होने की संभावना है.

गिरफ्तार आरोपी :

आशीष रजक (ज्योतिपुर, गौरेला)
अभिषेक शुक्ला (गौरेला)
करण कुमार साहू (पेंड्रा)
संतोष साहू (पेंड्रा)

इन सभी पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 317(2), 317(4), 314, 61(1(2)) और 112 के तहत संगठित अपराध, ठगी से अर्जित संपत्ति के दुरुपयोग और साइबर अपराध की अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है.

## अनियंत्रित तरीके से वाहन चलाकर नाबालिक ने बाइक व ठेला को किया क्षतिग्रस्त

**कोरबा। आरएनएस**



टीपी नगर क्षेत्र में इंडियन कॉफी हाउस से ट्रांसपोर्ट नगर जाने वाले आंतरिक मार्ग पर गत रात करीब 9.30 बजे एक बड़ा हादसा होते-होते रह गया। काले रंग की एक जीप के चालक ने बड़ी खतरनाक तरीके से वाहन को चलाया और रफ्तार देते ही उसने टैक्सी स्टैंड के पास संचालित पान ठेला को टक्कर मारते हुए यहां से गाड़ी आगे ठीक सामने संचालित दुकानों के बरामदे को क्षतिग्रस्त करते हुए रफ्तार बढ़ा दी और नया बस स्टैंड जाने वाले मार्ग से होकर फरार हो गया।

इस घटनाक्रम के दौरान यहां मौजूद कुछ लोग चपेट में आने से बाल-बाल बचे। ठेला व दुकान संचालकों तथा कुछ वाहनों वाहनों को काफी नुकसान पहुंचा है। बताते चलें कि इन दिनों वाहन चलाने के शौक में अनेक अकुशल और नाबालिक हाथों ने स्टेरिंग थाम रखी है, इसकी वजह से वाहन अनियंत्रित होकर हादसे का सबब बन रहे हैं। बहरहाल उक्त जीप की तलाश पुलिस द्वारा सूचना मिलने के उपरांत की जा रही है।

## सैनेटाइजर से सिगड़ी जलाते वक्त झुलसी ननंद व भाभी की मौत

**कोरबा। आरएनएस**



गेवरा बस्ती में बीते दिनों सिगड़ी जलाने के दौरान ननंद और भाभी बुरी तरह से झुलस गई। इसके बाद परिजनों ने तत्काल दोनों को इलाज के लिए रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन वहां उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ। इलाज के दौरान जब स्थिति बिगडने लगी, तो परिजन उन्हें कोरबा वापस ला रहे थे, लेकिन रास्ते में ही दोनों ने दम तोड़ दिया। परिजन जब अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे, तभी मुआवजे की जानकारी मिलने पर शवों को मुक्तिधाम से जिला अस्पताल लाया गया।

कोतवाली थाना क्षेत्र के सीतामणी स्थित गोकुलगंज में रहने वाली संतोषी यादव कुछ दिन पहले गेवरा बस्ती स्थित अपने मायके गई हुई थी। वहां वह अपनी भाभी गीता यादव के साथ खाना बना रही थी। सिगड़ी जलाने के लिए उन्होंने सैनेटाइजर का उपयोग किया, जिससे अचानक आग भडक गई और दोनों उसकी चपेट में आ गईं। इस हादसे में गीता और संतोषी गंभीर रूप से झुलस गईं थीं।

## ईडी दफ्तर घेराव में शामिल हुए एनएसयूआई कार्यकर्ता

**रायपुर। आरएनएस**




प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कांग्रेस भवन में कार्रवाई को द्वेषपूर्ण बताते हुए छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने राजधानी रायपुर में ईडी कार्यालय के सामने बड़ा विरोध प्रदर्शन किया जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के नेतृत्व में जिले से दर्जनों एनएसयूआई कार्यकर्ता इस विरोध प्रदर्शन में सम्मिलित हुए।

प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा का आरोप है कि ईडी केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रही है और विपक्षी नेताओं को राजनीतिक दुर्भावना से निशाना बना रही है। वहीं एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने बताया कि ईडी भाजपा के इशारे पर लगातार कांग्रेस के नेताओं को परेशान करने का काम कर रही हैं, कांग्रेस के महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू को सारी जानकारी देने के बावजूद 9 घंटे से ज्यादा समय तक अपने कार्यालय में रोक के रखा गया, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी की जासूसी करने के लिए अधिकारी लगाया गया जो कि अनैतिक है। राजा देवांगन ने आगे कहा कि ईडी यदि अपनी जाँच निष्ठापूर्वक करती हैं तो कांग्रेस पार्टी उनका पूरा सहयोग करेगी पर इस प्रकार की द्वेषपूर्ण कार्यवाही की जाती है तो ये विरोध प्रदर्शन आगे भी जारी रहेगा।।

प्रदर्शन में राजा देवांगन के साथ विशु देवांगन ,नमन बंजारे ,उमेश साहू ,अरविन्द यादव ,रवि देवांगन ,चैतन्य साहू ,रोहित जगत ,तेजप्रकाश साहू शामिल रहे।

## 90 हजार की लूट कर फरार हुए तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा। आरएनएस**

जिले की कोतवाली थाना पुलिस ने पिछले दिनों एक व्यक्ति से 90 हजार रूपये लूट के मामले में तीन आरोपियों को ङ्क्षगरफ्तार किया है तथा उनके पास से लूट की रकम बरामद की है।

प्रार्थी अपिकर केरकेट्टा पिता पवारू केरकेट्टा, उम्र 58 वर्ष, निवासी गायत्री नगर, चौकी मानिकपुर, कोरबा, ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 25.02.2025 को दोपहर 02:15 बजे वह एसएस प्लाजा, बैंक ऑफ बड़ौदा से 90,000 नकद निकालकर अपने झोले में रखकर घर की ओर पैदल जा रहा था। जैसे ही वह पावर हाउस रोड, कोरबा स्थित दीक्षा मोबाइल दुकान के पास पहुंचा, तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने झोला छीन लिया, जिसमें 90,000 नकद, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, मतदान परिचय पत्र एवं ड्राइविंग लाइसेंस मौजूद थे।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर, साइबर सेल प्रभारी रविन्द्र कुमार मीणा एवं नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का के मार्गदर्शन में तत्काल पुलिस टीम गठित की गई। कोतवाली पुलिस व साइबर सेल टीम ने जिले में नाकाबंदी कर सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपियों की पहचान की और तकनीकी साक्ष्य के आधार पर बेलगरी नाला के पास तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। तथा उनके पास से 80,000 नकद बरामद किया गया तथा आरोपियो नें दस हजार रूपये खर्च कर देना बताया।

मामले में आरोपी राहुल कुमार बंजारा पिता स्व. राजकुमार बंजारा, उम्र 45 वर्ष, निवासी – जुराफ गंज, थाना कोढ़ा, जिला कटिहार (बिहार),सुरेश बंजारा पिता मेवालाल बंजारा, उम्र 45 वर्ष, निवासी – जुराफ गंज, थाना कोढ़ा, जिला कटिहार (बिहार) तथा विशाल दापान पिता हरिचरण, उम्र 40 वर्ष, निवासी – गाला, थाना पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। एक अन्य आरोपी अब भी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## रानू, सौम्या, सूर्यकांत को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत,फिर भी नही होगी रिहाई

**रायपुर। आरएनएस**



छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित कोयला घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। इस घोटाले में गिरफ्तार पूर्व आईएएस अधिकारी रानू साहू, निलंबित उपसचिव सौम्या चौरसिया और कोयला कारोबारी सूर्यकांत तिवारी को अंतरिम जमानत दे दी है। इसके बाद भी तीनों की रिहाई नही हो सकेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को कहा है कि मामले में निर्धारित तारीख पर याचिकाकर्ताओं के आचरण पर रिपोर्ट प्रस्तुत करे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, इस मामले में जांच में काफी समय लगेगा इसलिए समय लेने वाली प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए याचिकाकर्ताओं को अंतरिम जमानत पर रिहा करना उचित है।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने सभी को शर्तो पर जमानत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि किसी गवाह को प्रभावित करने, सबूतों से छेड़छाड़ करने या जांच में बाधा डालने में लिप्त पाया जाता है, तो राज्य सरकार अंतरिम जमानत रद्द कराने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है और उस स्थिति में अंतरिम जमानत रद्द कर दी जाएगी। इधर आज ही डीएमएफ घोटाला केस में ईओडब्ल्यू ने इन तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया और कोर्ट से इनकी 6 दिन की रिमांड मांगी किन्तु अदालत ने सुनवाई के बाद इनकी 3 दिन की रिमांड मंजूर की है और अब इस मामले की अगली सुनवाई 6 मार्च को होगी। तब तक सभी जेल में ही रहेंगें। जिसके चलते कोयला घोटाले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा जमानत दिए जाने के बावजूद सूर्यकांत तिवारी, सौम्या चौरसिया और रानू साहू की जेल से रिहाई नहीं हो सकेगी।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU